प्रेस नोट

दिनांकः—29.03.2024

दिनांक 30.03.2024 को पोलो ग्राउण्ड रातानाडा में मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार की **आम सभा** का आयोजन किया जाना प्रस्तावित हैं। आयोजन के दौरान पोलो ग्राउण्ड, रेजीडेंसी चौराहा, होटल राजपूताना पैलेस, पांच बत्ती सर्किल, भाटी सर्किल, पुलिस लाईन रोड़, खासबाग, मोहनपुरा पुलिया, नई सड़क चौराहा, उम्मेद स्टेडियम रोड़, कचहरी परिसर के आस—पास काफी भीड़—भाड़ रहेगी। अतः समस्त आमजन से अपील है कि दिनांक 30.03.2024 को आमसभा विसर्जन होने तक यथासंभव वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। आमसभा में भाग लेने हेतु आने वाले बसे/सिटीबसें निम्नलिखित निर्धारित रूट से होकर निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन पार्क कर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में सहयोग प्रदान करें।

सभा में भाग लेने हेतु आने वाली बसों, सिटीबसों के लिए
रूट विवरणः—

1. **फलोदी व लोहावट (नागौर रोड़) से आने वाली बसें →** मण्डोर पुलिया होते कृषि मण्डी मण्डोर चौराहा, भादवासिया ब्रिज के नीचे से, फुलेराव पार्क तिराहा, महामन्दिर, पावटा, सर्किट हाउस, भाटी चौराहा, रातानाडा, पांच बत्ती, ग्रीनगेट से आगे के.वी स्कुल के पास में बसें पार्क होगी।
   → **सवारियों उतारने का स्थान—** होटल चन्द्रा ईपिरीयल के पास सवारी उतारकर
   → **वाहनों का पार्किगं स्थान—** के.वी स्कुल के पास

2. **पोकरण, शेरगढ, लूणी (जैसलमेंर, बाड़मेर रोड़) से आने वाली बसें → रूट** आखलिया चौराहा, बाहरवी रोड़, मेडिकल चौराहा, वीर दुर्गादास राठौड़ ब्रीज के उपर से होकर, अरोड़ा सर्किल, ग्रीनगेट से पोलो ग्राउण्ड
   → **सवारियों उतारने का स्थान—** होटल चन्द्रा ईपिरीयल के पास सवारी उतारकर
   → **वाहनों का पार्किगं स्थान— के.वी स्कुल के पास**
3. **सूरसागर, सरदारपुरा की तरफ आने वाली सिटीबसें → रूट** आखलिया चौराहा, 12वी रोड़ चौराहा शास्त्रीनगर थाना, दल्लेखां चक्की, श्रीराम ऐक्सीलेन्सी होटल चौराहा, मेडीकल चौराहा, रोटरी चौराहा, रिक्तिया भैरूजी चौराहा से वीसी सर्किल से आरोड़ा सर्किल, ग्रीन गेट, पोलो ग्राउण्ड परिसर में सिटी बसें पार्क होगी।
   → **सवारियों उतारने का स्थान—** पोलो ग्राउण्ड परिसर।
   → **सिटी बस वाहनों का पार्किगं स्थान— सीटी बस पोलो ग्राउण्ड के अन्दर**
4. **कार, जीप, दुपहिया वाहन, तिपहिया वाहन पार्किग स्थल→** इन वाहनों से समारोह में आने वाले आमजन के वाहनों की पार्किंग पोलो ग्राउण्ड परिसर के अन्दर होगी। जो वीवीआईपी विजिट से समय से पूर्व निर्धारित पार्किग स्थल पर वाहनों को पार्किग करेगें।
5. आमसभा स्थल में आने के लिये निर्धारित रास्तों का ही प्रयोग करें तथा निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहनों को पार्क करें। इनके सहयोग हेतु शहर के विभिन्न चौराहों व नाकों

पर पुलिस/यातायात पुलिस का जाब्ता तैनात रहेगा। जिनका यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था में सहयोग करें।

आमजन के लिए यातायात डायवर्जन की सूचना

1. दिनांक 30.03.2023 को पोलो ग्राउण्ड में **आम सभा** के विसर्जन व कचहरी परिसर तक नामांकन रैली के दौरान ग्रीनगेट, पांच बत्ती, रातानाडा चौराहा, भाटी चौराहा, पुलिस लाईन रोड़, खासबाग चौराहा, मोहनपुरा पुलिया, नई सड़क चौराहा, उम्मेद स्टेडियम रोड़ से कचहरी परिसर तक किसी भी प्रकार की बस, सिटीबस, टेम्पू, भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
2. नई सड़क, रेल्वे स्टेशन, जालोरी गेट की तरफ जाने–आने वाली सिटीबसें पावटा चौराहा से आर्मी तिराहा, सर्किट हाउस तिराहा, भाटी चौराहा, जेडीए सर्किल, खतरनाक पुलिया, ओलम्पिक तिराहा व जालोरी गेट की तरफ आ–जा सकेगी।
3. सेना के भारी वाहन को भी रोड़वेज बसों के समानान्तर रूट पर ही संचालित किये जायेंगे।
4. आपात कालीन सेवाओं में लगे वाहन ऐम्बूलेन्स, अग्निशमन के लिए सभी रास्ते खुले रहेगें।
5. पोलो ग्राउण्ड में **आम सभा** के आयोजन व विसर्जन तथा नामांकन रैली के दौरान सभी प्रकार वाहनों का आंशिक डायवर्जन रहेगा–

- नई सड़क होते पावटा चौराहा की तरफ जाने वाले वाहनों का डायवर्जन जालोरी गेट से ओलम्पिक तिराहा, तारघर मोड़, खतरनाक पुलिया, जेडीए सर्किल, भास्कर चौराहा, भाटी चौराहा से सर्किट हाउस, आर्मी तिराहा व पावटा चौराहा की तरफ जा सकते।
- पावटा चौराहा से नई सड़क, रेल्वे स्टेशन की तरफ जाने वाले वाहनों का डायवर्जन राईकाबाग पुल होते हुए ताराचन्द सर्किल, सर्किट हाउस, भाटी चौराहा, भास्कर चौराहा, जेडीए सर्किल, खतरनाक पुलिया होते हुए आ–जा सकेगें।

आमजन से अपील की जाती है कि यातायात डायवर्जन के दौरान आंशिक वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करते हुए यातायात पुलिस का सहयोग करें।

(शरद चौधरी)
पुलिस उपायुक्त
यातायात आयुक्तालय जोधपुर